Headline: “Implementation research is necessary to make health programs effective”

Print Coverage:

“Implementation research is necessary to make health programs effective”		
S.no.	**Date**	**Publication**
1.	31.05.2023	**Dainik Bhasker**

स्वास्थ्य कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च जरूरी

सिटी रिपोर्टर| टीडीआर व आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से पांच-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ऑनलाइन इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च कोर्स सामग्री विकसित करना था जिसमें आईआर कोर्स के पीयर-समीक्षित लेक्चर की सामग्री को अंतिम रूप दिया गया। कार्यशाला में 8 अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के 20 से अधिक वरिष्ठ फैकल्टीज ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, अन्य संगठनों में कार्यरत इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च के विशेषज्ञ भी कार्यशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर आईआईएचएमआर के अध्यक्ष डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि जनस्वास्थ्य क्षेत्र में इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च के महत्व के साथ ही मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में एकीकरण की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी संगठन भी स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च की आवश्यकता को महसूस कर रहे हैं।